झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
सर्कुलर रोड, रांची–834001

प्रेस विज्ञप्ति

संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा 2016 (विज्ञापन संख्या–23/2016) से संबंधित सूचना।

संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2016, विज्ञापन संख्या–**23/2016** से संबंधित आयोग के वेबसाइट पर जारी अस्वीकरण सूची के संबंध में प्राप्त विभिन्न अपील आवेदनों पर समेकित रूप से विचारोपरांत निम्नलिखित निर्णय लिया गया है :–

1. जिन आवेदकों द्वारा एक से अधिक आवेदन जमा किया गया था उनका एक ही आवेदन वैध माना गया है एवं अन्य सारे आवेदन अवैध माने गये हैं।
2. जिन आवेदकों ने परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया था उनके आवेदन पत्र रद्द कर दिये गये हैं।
3. जो आवेदक तय उम्रसीमा से बाहर हैं उनका आवेदन रद्द कर दिया गया है। राज्य के बाहर के आवेदकों को आरक्षण का लाभ देय नहीं है अतः उन्हें अनारक्षित श्रेणी का माना गया है तथा उम्रसीमा में छूट का लाभ प्रदान नहीं किया गया है।
4. जिन आवेदकों के आवेदन में फोटो, हस्ताक्षर एवं अंगूठे का निशान, तीनों अनुपलब्ध हैं उनका आवेदन रद्द कर दिया गया है।

रद्द किये गये आवेदन के संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जायेगा।
उपरोक्त सभी श्रेणी के अस्वीकृत आवेदकों की सूची कारण सहित आयोग के वेबसाइट पर उपलब्ध है।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची